Blood Donation Camp Conducted by ICFAI University Jharkhand

दैनिक भास्कर

शिक्षा

रांची, मंगलवार 15 दिसंबर, 2015 6

इक्फाई विवि के 50 स्टूडेंट्स ने किया रक्तदान

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी परिसर में सोमवार को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इसमें यूनिवर्सिटी के 50 स्टूडेंट्स ने रक्तदान किया। रक्तदान को लेकर छात्राओं में भी काफी उत्साह देखा गया। वीसी डॉ. ओएस राव ने कहा कि रक्तदान मानव जाति की सबसे बड़ी सेवा है। इससे किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। सोसायटी के डॉ. सुशील कुमार और रिम्स के डॉ. एके अग्रवाल ने कहा कि स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निवर्हन करना चाहिए। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह, प्रो. अरविंद कुमार समेत सभी संकायों के फैकल्टी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मंगलवार, 15 दिसंबर 2015
हिन्दुस्तान

कैंपस हलचल

इक्फाई विवि में लगा रक्तदान शिविर

रांची। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से सोमवार को इक्फाई विवि में रक्तदान शिविर लगा। इसका संचालन सोसाइटी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशील कुमार और रिम्स के डॉ एके अग्रवाल ने किया। इसमें 50 से अधिक छात्रों ने रक्तदान किया। कुलपति प्रो ओआरएस राव ने छात्रों से कहा कि रक्तदान मानव जाति की सेवा करने का सबसे अच्छा काम है। वहीं डॉ सुशील कुमार ने छात्रों की सेवाभावना की सराहना की। मौके पर प्रो एएस प्रसाद, प्रो सुमित सिन्हा, डॉ बीएम सिंह, प्रो अरविंद कुमार, डॉ एससी स्वेन आदि मौजूद थे।

the pioneer
RANCHI | TUESDAY | DECEMBER 15, 2015

BLOOD DONATION CAMP AT ICFAI

Blood donation camp was organised at ICFAI University in association with the Red Cross Society of India. Dr Sushil Kumar of Red Cross Society and Dr AK Agarwal of RIMS was present on the occasion. As many as 50 students donated blood.

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com

रांची, शुक्रवार
11.12.2015 | 23

शिक्षा में मूल्यों और नैतिकता की जरूरत पर व्याख्यान

रांची. इक्फाइ विवि में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद ने शिक्षा में मूल्यों और नैतिकता की जरूरत पर एनजे यशस्वी मेमोरियल में व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि अस्वार्थ भावना नैतिकता का आधार है. हमें धर्म, अर्थ, मोक्ष की खोज में मूल्यों का पालन करना चाहिए. राज्यपाल के ओएसडी नलिन कुमार ने कहा कि जब आप अपना ध्यान खो देते हैं, तो कुछ खोते हैं, लेकिन अगर आप अपना मूल्य खो देते हैं, तो सबकुछ खो देते हैं. इससे पूर्व कुलपति प्रो ओआरएस राव ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि स्व. एनजे यशस्वी मेधावी थे और अपने मूल्यों के साथ जीए. इस मौके पर पढ़ाई में उत्कृष्ट, ऑलराउंडर, विज्ञान एवं व्यापार प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया. व्याख्यान से पूर्व रेडक्रास सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया. इसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने रक्तदान किया. समारोह में रांची विवि के पूर्व कुलपति व इक्फाई बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के डॉ केके नाग, डॉ हरिहरण, कुलसचिव डॉ बीएम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com

रांची, मंगलवार
15.12.2015 | 22

विद्यार्थियों ने किया रक्तदान